छत्तीसगढ़ कोरबा में एल्युमीनियिम पार्क परियोजना को पुनर्जीवति करेगा

चर्चा में क्यों?

छत्तीसगढ़ सरकार ने **कोरबा में लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये** मूल रूप से वर्ष 2021 में प्रस्तावित एल्यूमीनियिम पार्क प्रस्ताव को पुनर्जीवति करने का निर्णय लिया है।

मुख्य बिंदु:

- राज्य सरकार ने लघु उद्योगों को रियायती दर पर **कच्चे एल्युमीनियिम** की आपूर्ति करने के लिये **वेदांता लिमिटेड** की सहायक कंपनी **भारत एल्युमीनियिम कंपनी लिमिटेड (BALCO)** के साथ एक समझौता किया था।
- ज़िला प्रशासन ने परियोजना के लिये बाल्को टाउनशिप के पास **रुखबहारी गाँव** की ज़मीन की पहचान की और यहाँ तक कि परियोजना के लिये ग्रामीणों की सहमति लेने हेतु एक ग्राम सभा भी आयोजित की।
- कोरबा ज़िले में एल्यूमिनियिम पार्क की मांग को पूरा करने हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये उद्योग विभाग के **बजट प्रस्ताव में 5 करोड़** रुपए का प्रारंभिक प्रावधान किया गया है।

भारत एल्युमिनियिम कंपनी लिमिटेड (BALCO)

- BALCO को **वर्ष 1965** में भारत में पहले सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (PSU) के रूप में शामिल किया गया था और तब से यह प्रमुख रूप से भारतीय औद्योगिक विकास के साथ निकटता से जुड़ा हुआ है।
- वर्ष 2001 में भारत सरकार ने **वेदांता लिमिटेड की सहायक कंपनी स्टरलाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड** को **भारत एल्युमीनियिम कंपनी लिमिटेड (BALCO)** के 51% शेयरों का विनिवेश किया।
- BALCO निर्माण में स्टील और विद्युत् पारेषण उद्योग में कॉपर जैसी अन्य धातुओं के संभावित विकल्प के रूप में एल्युमीनियिम महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।
- BALCO का प्रमुख परिचालन कोरबा (छत्तीसगढ़) शहर में है, जबकि उच्च ग्रेड बॉक्साइट की आपूर्ति करने वाली इसकी खदानें **कवर्धा और मैनपाट** में स्थित हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chhattisgarh-to-revive-aluminium-park-project-in-korba